**खबर संक्षेप**

### मुख्यमंत्री ने चतुर्वेदी की पुण्यतिथि पर किया नमन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुप्रसिद्ध कवि और लेखक 'पद्मभूषण' माखनलाल चतुर्वेदी की 30 जनवरी को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। उन्होंने उनकी रचनाओं को याद करते हुए कहा, उन्होंने अपनी प्रभावशाली लेखनी से लोगों में राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत किया और उन्हें आजादी की लड़ाई में सक्रिय सहयोग के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान बिलासपुर के सेन्ट्रल जेल में 'पुष्प की अभिलाषा' लिखी जो बहुत लोकप्रिय रचना है।

### खमतराई ओवर हेड टैंक की सील्ट सफाई

रायपुर। नगर निगम रायपुर के जल कार्य विभाग द्वारा बुधवार को खमतराई के 3500 किलोलीटर क्षमता वाले ओवर हेड टैंक की सील्ट सफाई का कार्य करवाया गया । सुबह के समय नियमित जलापूर्ति के बाद अनुबंधित एजेंसी ने सील्ट सफाई के साथ - साथ कैमिकल ट्रीटमेंट और सभी चैंबरों की सफाई एवं पेंटिंग का कार्य पूरा कराया. सील्ट की सफाई का कार्य सुबह 9 बजे शुरू हुआ जो कि दोपहर 2 बजे तक पूरा हुआ।

आयोजन : सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में हुआ जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस कार्यक्रम

# स्काउट्स-गाइड्स व रोवर्स के प्लाटून ने गणतंत्र दिवस पर किया परेड का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद के स्काउट्स एवं गाइड्स तथा रोवर्स स्काउट के प्लाटून ने गणतंत्र दिवस पर बालोद के सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में होने वाले परेड में भाग लिया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव व जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले, प्राचार्य अरूण कुमार साहू के मार्गदर्शन व संस्था के रोवर स्काउट लीडर नेमसिंह साहू के दिशा निर्देशन में बालोद भाग लिया। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर को सलामी दी गई। रोवर्स स्काउट प्लाटून के कमांडर उज्जवल तारम एवं रेंजर्स गाइड प्लाटून कमांडर डिम्पल गावरे ने कमान संभाली।





परेड के दौरान कुल 11 प्लाटून ने भाग लिया, जिसमें स्काउट्स के एक एवं गाइड्स के 2 प्लाटून थे, रोवर्स स्काउट के प्लाटून द्वारा क्रमबद्ध एवं शौर्य पूर्वक मार्चपास्ट का प्रदर्शन किया गया, जिसके लिए उन्हें जूनियर श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विधायक बालोद संगीता सिन्हा, जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न, कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल, सीईओ जिला पंचायत संजय कन्नौजे सहित ही कई गणमान्य अतिथि सहित विशाल जनसमुदाय उपस्थित थे। साथ ही दल्ली राजहरा माइंस में आयोजित गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर दल्ली राजहरा के स्काउट और गाइड के दल ने मार्च पास्ट में हिस्सा लिया, गणतंत्र दिवस के परेड में 19 स्काउट और लीडर पुष्पकांत साहू 19 गाइड व लीडर भोजबाला यादव भाग ने लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर जिला सचिव केएल गजेन्द्र, डीओसी गाइड प्रेमलता चंद्राकर, डीटीसी भुवन सिन्हा, सीमा साहू, रूपेन्द्र सिन्हा, मिलन सिन्हा ने हर्ष व्यक्त किया।

# जिस तालाब से निकली मां गंगा मइया, उसकी की अनदेखी जलकुंभी और गंदगी से पट गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय से लगे हुए प्रसिद्ध देवी मंदिरों में से एक झलमला के मां गंगा मईया के पास स्थित मां गंगा मईया के अवतरण तालाब जलकुंभी से पट गया है। साफ सफाई नहीं होने के कारण अपना अस्तित्व खोता जा रहा है, जिस ओर ध्यान देने वाला कोई नहीं है।



■ साफ-सफाई के अभाव में खतरे में है प्रसिद्ध तालाब का अस्तित्व

एक ओर जहां मां गंगा मैया मंदिर को ट्रस्ट द्वारा चमकाया जा रहा है, लेकिन जिस तालाब से मां गंगा मैया निकली है, उसी तालाब का अस्तित्व खतरे में है। जिला मुख्यालय से तीन किलोमीटर पर स्थित ग्राम झलमला में देवी गंगा मैया का प्रसिद्ध मंदिर है। गंगा मैया के अवतरण और मंदिर स्थापना की कहानी अंग्रेजों के शासन काल से जुड़ी हुई है। जो जिले का सबसे प्रसिद्ध स्थल है जहां बाहर बाहर से पर्यटक पहुंचे हैं, लेकिन पर्यटक गंगा मैया का उद्गम स्थल को देख कर लोग सोच में पड़ जाते हैं। क्योंकि वह तालाब जलकुंभी में पटकर मैदान जैसा दिख रहा है और गंदगी, जल प्रदूषण की मार झेल रहा है।

### गांव सहित आस-पास के गांवों के लोग करते हैं निस्तारी

ग्रामीण हितेश ठाकुर ने बताया कि जलकुंभी से पटे तालाब में लोग प्रति दिन अपनी निस्तारी करते हैं, पर पिछले कुछ सालों से तालाब में गंदगी जम गई है। आसपास की फैक्ट्रियों से निकलने वाली काली डस्ट और जलकुंभी जम गए हैं। पहले ग्राम झलमला सहित आस पास के ग्रामीण इस तालाब में नहाने भी आते थे, मगर अब लोग कम नहाने आते हैं। जलकुंभी से पट चुके तालाब में लोग जाली और कपड़े लगाकर जलकुंभी को रोककर थोड़े की जगह में नहाते हैं।

### नवरात्रि पर तालाब में होता है जंवरा विसर्जन

झलमला के ग्रामीण बैगा दीनबंदु ठाकुर ने बताया कि जिले में आयोजित चैत्र और क्वांर नवरात्रि के पर्व में गंगा मैया मंदिर में ज्योति-जंवारा और कलश का विसर्जन इसी तालाब में किया जाता है। लेकिन पिछले कुछ सालों से तालाब की गंदगी को देखते हुए तालाब के कुछ क्षेत्र तक जाल लगाकर घेरा गया है, जहां जाली लगे कुछ क्षेत्र जंवारा का विसर्जन किया जाता है।

**डौंडीलोहारा अंचल में पहुंचे अखंड ज्योति कलश का किया जा रहा है भव्य स्वागत**

# मनुष्य में देवत्व का संदेश देने हरिद्वार से गांव-गांव पहुंच रहा शक्ति कलश रथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में शांतिकुंज हरिद्वार से अखंड ज्योति कलश एवं शक्ति कलश रथ पूरे देश में भ्रमण कर रहा है। विगत दिनों यह रथ डौंडीलोहारा में भी पहुंचा। ब्लॉक समन्वयक भोलाराम साहू ने बताया कि हमारे गायत्री परिवार के संस्थापक वेदमूर्ति, तपोनिष्ठ परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा अपने साधना को प्रचंड और सतत बनाए रखने के लिए सन 1926 में अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की गई जिसके दिव्य प्रकाश में 24-24 लाख गायत्री महामंत्र के 24 महापुरश्चरण सम्पन्न किए थे। उसका तथा परम वंदनीया शक्ति स्वरूपा माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शांतिकुंज हरिद्वार से अखंड ज्योति कलश एवं शक्ति कलश का पूरे देश में भ्रमण किया जा रहा है जिसका उद्देश्य साधना की शक्ति को प्रचंड करने एवं गुरुदेव के संकल्प मनुष्य में देवत्व एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण को पूर्ण करने दिव्य संदेश को गांव-गांव घर-घर तक घर तक पहुंचना है, लोगों में ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ाना, सनातन धर्म के प्रति जागरूक करना और विचार क्रांति के माध्यम से राष्ट्र जागरण करना है। अखंड ज्योति कलश रथ भ्रमण करते हुए विभिन्न गांव में पहुंच रहा है। 28 जनवरी को बनगांव, कोबा ,पापरा, बुंदेली, सूरेगांव, झिटिया, सिंगारपुर, गंधरी, टटेंगा, भरदा, हल्दी में दीप यज्ञ किया गया। द्वितीय दिवस 29 जनवरी को जेवरतला, चे ब नवागांव , मुजगहन ,कन्याडबरी ,संबलपुर, नाहंदा, खपराभाट, देवरी ,पसौद में संध्याकालीन दीप यज्ञ किया गया। तृतीय दिवस 30 जनवरी को परसुली ,खेरथा बाजार, आसरा, अछोली ,सोरली ,खैरीडीह, संबलपुर, नारगी, डारागांव, खरथुली, रेंगनी, रेघई में राष्ट्र जागरण दीप यज्ञ किया गया।

### आज इन गांवों में पहुंचेगा रथ

चौथे दिन 31 जनवरी को कोरगुडा, जोगीभाट, डौंडीलोहारा, नंगूटोला , खैरकट्टा, पुनारकसा, रेंगाडबरी, फिरतूटोला, जून्नापानी, मंगचुवा, कमकापार, भंवरमरा में भ्रमण कर संध्याकालीन दीप महायज्ञ किया जाएगा। फिर अगले दिन विकासखंड डौंडी के लिए प्रस्थान करेगा। रथ भ्रमण में याद राम साहू, देवप्रसाद आर्य, परमेश्वर जमडार, अशोक साहू, ओमप्रकाश साहू,उत्तम साहू, मया राम यदु,ढाल सिंह साहू, प्रेम सिंह कोलियारे, गोवर्धन उर्वशा, सहित बड़ी संख्या में परिजन सहयोग कर रहे हैं।

### क्षणिक विवाद पर पत्नी की हत्या, पिता, पुत्र गिरफ्तार


रायपुर। क्षणिक विवाद पर पत्नी की हत्या करने के आरोप में पुलिस ने मृतका के पति तथा उसके नाबालिग बेटे को गिरफ्तार किया है। घटना तीन माह पूर्व डीडीनगर थाना क्षेत्र की है। घटना के बाद मृतका का पति तथा उसका नाबालिग बेटा फरार चल रहे थे, जिन्हें पुलिस ने मुखबिर की मदद से गिरफ्तार किया है। सुखवंतिन बाई की हत्या के आरोप में पुलिस ने ओडिशा, नुआपाड़ा निवासी राजू कुर्रे उर्फ भोला सतनामी तथा उसके नाबालिग बेटे को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मृतका के पड़ोसी साहरुख पाल ने सुखवंतिन की हत्या की सूचना दी थी। मृतका के पड़ोसी ने पुलिस को जानकारी दी थी की उसे मृतका के नाबालिग बेटे ने अपनी मां की मौत होने की जानकारी दी थी। इसके बाद से राजू और उसका नाबालिग बेटा गायब थे।


# श्रद्धांजलि

## अनंत स्मृतियों का तृतीय पुण्य स्मरण

जन्म
14.01.1941

स्वर्गवास
31.01.2022



**स्व. दाऊ रामकुमार यादव (बाबा भैय्या)**

(एकाउन्ट ऑफिसर सेवानिवृत्त भिलाई स्टील प्लांट)

तृतीय पुण्यतिथि दिनांक - 31.01.2025

दादा चले गये आप अपने घर से आप हृदय से दूर नही, रुखसत हुए आप दुनियां से,
लेकिन हमसे दूर नही, हम जब आपको याद करते हैं, आपका हाथ अपने सिर पर पाते है,
आप हम सबको साथ होने की अनुभूति कराते हैं। हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक रहेंगे,
आपकी, तृतीय पुण्यतिथि में समस्त परिवारजन श्रद्धांजलि अर्पित करते है,

**आपकी याद में श्रद्धानवत परिवार**

मुकेश - पूर्णिमा यादव (पुत्र-पुत्रवधू)
राकेश - महिमा यादव (पुत्र-पुत्रवधू)
पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बालोद एवं पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा व छाया विधायक जनसेवक संजारी बालोद
ओमिता यादव (पुत्री)
राजेश - विनिता यादव (पुत्र-पुत्रवधू)
अद्वितीय (पौत्री) आर्यमन, शशांक,
शिवांग, अभिन्न, कनिष्क, ऐशान (पौत्र)
प्रेक्षा, सुहानी, प्रकृति (पौत्री)

मुकेश यादव (पुत्र)
श्रीमती किरण योगेश यादव (बहू)
अजय यादव (भतीजा)
नितिन यादव (भतीजा)
प्रवीण यादव (भाई)
धर्म धुरन्धर यादव (पौत्र)

**समस्त यादव परिवार बालोद, मो.नं. 62650 90065, 99932 36733**

# प्रार्थना

## एक सिसकती अभिलाषा

सृष्टिकर्ता से यही प्रार्थना जब-जब जन्म मिले,
उनके जैसा नहीं, मुझे बस वो ही पिता मिले,
दादा-दादी के कई जन्मों के पुण्य प्रताप के अश्वमेध यज्ञ से
दादा-दादी ने पाया अपना वरदानी पुत्र,
तक्षशिला-नालंदा प्रकाशस्तम्भ के दिव्यप्रकाशपुंज से दादा-दादी ने
दाऊ रामकुमार यादव महाकाव्य की रचना की
सूर्य के उत्तरायण में लिया जन्म अपने ननिहाल बालोद में,
अपने ददिहाल-ननिहाल की असंख्य पीढ़ियों को दिया ख्याति सूर्योदय का वरदान,
श्रीराम दरबार का दिया भाव आशीष,
मेरे बचपन के आंगन में मेरा मचलना देख गोद में लेकर खिलौनों के स्टेशन चलना,
जिस गुड़िया पर मैं रख दूँ ऊंगली, वही गुड़िया मेरी सखी हो जाती,
जहाँ मैं मुस्कुराई वही उनकी सुबह हो जाती,
लूडो, कैरम, साँप-सीढ़ी, शतरंज के खेलों में मेरी मुस्कान के लिए बाजी हार जाते,
हम रहे खुश इसलिए न्यौछावर हो जाते,
न जाने आपने कितनी तकलीफ सही, तब हमने चाँद-सूरज देखा,
न जाने कितनी रातें जागी, तब हमने स्वस्थ सबेरा देखा,
सारी उम्र दिया मेरे बचपन को और जिंदगी मेरी चाहों को
सपनों को मेरे किया साकार और मंजिल मेरी राहों को
जब-जब मैं रही तकलीफ में रातभर न सोये,
मेरे आँसू पोछे लेकिन खुद छिप-छिपकर रोये,
मेरी पीड़ा से पीड़ित जिनका सर्वांग हिले,
उनके जैसा नहीं, मुझे बस वो ही पिता मिले,
मेरे सब निर्णय में साथ निभाया,
जग की हर तोहमत से सीनातान मुझे बचाया,
झेली बड़ी मुसीबतें लेकिन जिये न कभी गिले,
उनके जैसा नहीं, मुझे बस वो ही पिता मिले,
मेरी मेधा ऋणी उन्ही की वो गौरवान्वित मुझ पर,
मुझ सी बेटी पाकर अपने अहीर कुल को धन्य पाया,
मेरी कीर्ति को देखकर जिनका हृदय दिन-रात खिले,
उनका हाथ रहा जब तक मेरे सिर पर जब तक थी,
कौन सी अद्‌भुत शक्ति ओमिता जैसी,
बुढ़ा गई पर समझा बच्ची सदा रहूँ मैं ऐसी,
उनके सम्बल से जीते है मैने सभी किले,
उनके जैसा नहीं, मुझे बस वो ही पिता मिले,
सृष्टिकर्ता से यही प्रार्थना जब-जब जन्म मिले,
साथ बीते समय के अनगिनत ग्रंथों के पन्नों को करवट बदल-बदलकर स्मृतियों को दोहराना,
वो बाहों के झूले वो हथेलियों का सिरहाना, दिन-रात आँखों में सागर का उतरना,
वो तूफान, वो शीतलहर, वो भावनाओं का हिलोरे लेना,
आपकी आहट सुनने हर पल कान तरसे,
एक सिसकती अभिलाषा, मेरी आँखें दर्शन को तरसे,
बाबुल ले लो गोद अपने, माता-पिता बिना, बिन सूरज के दिन निकले,
सृष्टिकर्ता से यही प्रार्थना जब-जब जन्म मिले,
उनके जैसा नहीं, मुझे बस वो ही पिता मिले...

